## आयुक्त ने की जनसुनवाई

**करौली** (नि.स.)निशक्तजन आयोग आयुक्त उमाशंकर शर्मा करौली दौरे पर रहे इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर निशक्तजनों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

जन सुनवाई के दौरान निशक्तजनों ने बैंकों द्वारा लोन देने में आनाकानी करने,रोडवेज बस का पास बनने में आने वाली समस्याओं एवं व्हीलचेयर,स्कूटी मिलने में देरी जैसी समस्याओं से आयुक्त को अवगत कराया। आयुक्त शर्मा ने सभी निशक्तजनों को उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण कराने का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर भी जल्द ही निशक्तजनों की सहायता के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे। ब्लॉक स्तर के बाद जिला मुख्यालय पर एक बड़ा शिविर आयोजित होगा। शिविर में निशक्त जनों की समस्याओं एवं सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान आयुक्त ने पत्रकारों से वार्ता में कहा कि सरकार निशक्त जनों के लिए शिक्षा,रोजगार सहित उनकी समस्याओं के निस्तारण को लेकर काम कर रही है।इसके पश्चात व एकट बोध ग्राम संस्था द्वारा संचालित मूक बधिर आवासीय विद्यालय पहुँचे ।

# भरतपुर कवि सम्मेलन में देश भक्ति के गीत गूंजे

**भरतपुर** (निस)। टेक्नोलॉजी पार्क सेवर के भव्य हरिदत्त सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित कवि सम्मेलन एक सुहानी भोर शहीदों के नमन की ओर का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम टेक्नोलॉजी पार्क निदेशक डॉ. आलोक शर्मा के सानिध्य में राष्ट्रीय कवि संगम के प्रान्तीय संरक्षक वरुण चतुर्वेदी की अध्यक्षता एवं हरिदत्त शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

■ **आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित हुआ कवि सम्मेलन**

विशिष्ट अतिथि कर्नल ओमबीर सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद अध्यक्ष सुदेश शर्मा एवं जाट सभा के महासचिव राकेश फौजदार रहे। संचालन कर रहे संस्था अध्यक्ष नरेंद्र निर्मल ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों ने मां वाणी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया एवं हरिओम हरि द्वारा की गई माँ वाणी वंदना से हुआ। तत्पश्चात कवियों ने अपनी ओजस्वी वाणी से ऐसी रसधार बहाई कि सभागार में उपस्थित श्रोताओं में देशभक्ति का ज्वार हिलोरें लेने लगा। कवि सम्मेलन में जयपुर से पधारे प्रांतीय महासचिव किशोर पारीक, जयपुर जिला महासचिव विवेक आंनद, संभाग अध्यक्ष और व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर अलवर के कवि सुरेंद्र सार्थक, ओज कवि पूरन शर्मा, सुरेश फौजदार जिगर, पैरोडीकार लक्ष्मण चौधरी, गीत ग़ज़लकार श्याम सिंह जघीना, व्यंग्यकार हरिओम हरि, कवयित्री राजरानी, जय कुमार जय, सुरेश शर्मा गोविंद डागुर आदि कवियों ने माँ भारती की सपूतों को शब्द सुमन अर्पित किये। कर्नल ओमवीर ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत इस कवि सम्मेलन को सार्थक पहल बताया। डॉ. आलोक शर्मा ने युवाओं को प्रेरित करने के लिए समस्त कवियों का आभार ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।

सेवर के भव्य हरिदत्त सभागार में आजादी के अमृत महोत्सव पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

## 'संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर सूचना दे'

**वैर** । पुलिस थाना वैर पर सीएलजी, ग्राम रक्षक एवं सुरक्षा सखियों की मीटिंग का आयोजन किया गया।जिसमें एसडीएम मुनिदेव यादव, सीओ निहाल सिंह व नायब तहसीलदार सुरेश चंद ने भाग लिया।

थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि थाना परिसर में हुई सीएलजी की बैठक में ग्राम रक्षक व सुरक्षा सखियों को संबोधित करते हुए सीओ निहाल सिंह ने कहा कि आगामी दिनों में रक्षाबंधन, मोहर्रम, स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व है। जिनको प्रेम सौहार्द्रपूर्ण व भाई चारे के साथ मनाए ।अफवाहों पर कोई ध्यान नहीं हो। इलाके में कोई भी अपराध या संदिग्ध व्यक्ति हो तो उसके बारे में तुंरत पुलिस को सूचना दे।रक्षा बंधन के पर्व को लेकर कस्बे में रियासत काल से ही मंदिरो में हिंडोले सजते है। यह परम्परा आज भी चली आ रही है।जिसको लेकर भीड़भाड़ रहती है । वहां पुलिस कर्मी लगाने की व्यवस्था की जा रही है।एसडीएम मुनिदेव यादव ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़ने व आमजन को जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने की अपील की।

## सार-समाचार

### समाधी स्थल पर पौधे रोपे

**करौली,** (नि.स.) आजादी के अमृत महोत्सव के तहत करौली के खादी भंडार परिसर मे स्वतन्त्रता सैनानी चिरंजी लाल शर्मा के समाधी स्थल पर स्काउट गाइडलाइंस ने स्वतंत्रता सैनानी वीर सपूत चिरंजी लाल शर्मा को पुष्प अर्पण एवं मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नगेंद्र शर्मा ने बताया की स्वतंत्रता आंदोलन में चिरंजी लाल शर्मा की विशेष भूमिका रही है। इसके बाद भारत विकास परिषद एवं हिन्दुस्तान स्काउट गाइडलाइंस के संयुक्त तत्वावधान मे पौधारोपण किया कार्यक्रम मे डिस्ट्रिक्ट ऑर्गनाइजर विपिन शुक्ला, स्काउट संयुक्त सचिव अभय कुमार शर्मा,गंगाराम प्रजापत सचिव आदि उपस्थित रहे।

### सहस्त्रघट आज

**गंगापुर सिटी** । भारतीय जनता पार्टी द्वारा पिछले 15 वर्षो से पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में पवित्र श्रावण माह में गंगापुर परिक्षेत्र की खुशहाली व जन कल्याण के लिए गंगापुर सिटी में हर सोमवार को भगवान महादेव के रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक व अंतिम सोमवार को उघाडमल बालाजी पर सहस्त्रघट का आयोजन किया जाता है। पूर्व विधायक ने बताया कि इस वर्ष आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव एवं श्रावण माह के अंतिम सोमवार के अवसर पर पंडित मोहन आचार्य के सानिध्य में उघाडमल बालाजी पर सहस्त्रघट एवं प्रसादी का आयोजन सोमवार को किया जाएगा।

### योगेन्द्र चुनाव संयोजक बने

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करौली जिला संयोजक आलोक देशवाल ने जिला चुनाव समिति में योगेन्द्र चुनाव संयोजक का दायित्व सौंपा। देशवाल ने जिले में छात्र संघ चुनाव की तैयारियों की ओर ध्यान देने के निर्देश दिए साथ ही जिला चुनाव समिति सदस्य मे दीपक गड़ी,कपिल,पिंटू कश्यप,महावीर सिंह को नियुक्त किया है।

## विश्व आदिवासी दिवस मनाने पर चर्चा

**करौली** (नि.स.) राजस्थान आदिवासी मीना महासभा संस्थान की बैठक जिला मुख्यालय पर गोमती कॉलोनी में आयोजित की गई।जिसमें 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस अंबेडकर पार्क (भट्टा) करौली में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक मनाये जाने पर चर्चा की गई।

प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार नारौली ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस पर खानपुर व पहाड़पुरा (सपोटरा) की दो पार्टियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन किया जावेगा।

बैठक में प्रो.रामेश्वर मूंडरी प्रदेश अध्यक्ष, डॉ. के. एल.मीना प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, राजकुमार बीलवाड़ जिला अध्यक्ष करौली, शिवराम मीना ब्लॉक अध्यक्ष मासलपुर, भूरसिंह मीना ब्लॉक अध्यक्ष करौली, रामबाबू मीना ब्लॉक अध्यक्ष लांगरा, गोकुल मीना ब्लॉक अध्यक्ष करणपुर, श्रीराम मीना फौजी प्रदेश सचिव आदि कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।सभी आदिवासीयो से अपील है। कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## 36 दिव्यांगों को सहायक उपकरण बांटे

**भरतपुर,** । भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति द्वारा रविवार को आयोजित दिव्यांग उपकरण वितरण समारोह में तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने 36 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार अग्रवाल ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलक्टर आलोक रंजन एवं उद्योगपति विवेक गोयल उपस्थित थे।

समारोह में तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री ने दिव्यांगों की सेवा को नारायण सेवा बताते हुये कहा कि इनकी सेवा के लिये सभी समृद्व लोगों को आगे आना चाहिये ताकि ये लोग भी समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सकें। उन्होंने कहा कि महावीर विकलांग सेवा समिति पिछले करीब 41 वर्षों से दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर अनुकरणीय कार्य करती आ रही है। इस समिति के संचालन के लिये हम सबको आगे आकर सहयोग करने की आवश्यकता है जिस पर उन्होंने स्वयं द्वारा प्रतिवर्ष एक लाख रूपये का सहयोग देने की घोषणा की तथा समृद्व परिवारीजन विजय जैन, पीसी जैन, विवेक जैन, देवेन्द्र चामड, कृष्ण कुमार अग्रवाल, विवेक गोयल, डॉ. अमर सिंह एवं डॉ. भूषण अरोडा द्वारा भी 1-1 लाख रूपये की सहयोग राषि प्रतिवर्ष देने का वायदा किया। डॉ. गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार दिव्यांगों को स्कूटी उपलब्ध कराने के लिये ऑनलाईन आवेदन भरवा रही है जिसके लिये पात्र दिव्यांग समय पर आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना में पंजीयन से शेष रहे लोगों द्वारा शीघ्र पंजीयन कराने का आग्रह किया और व्यवसायियों एवं उद्योगपतियों से भी आग्रह किया कि वे अपने सभी कार्मिकों का इस बीमा योजना में पंजीयन अवश्य करायें। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने महावीर विकलांग सेवा समिति को हरसंभव सहयोग देने और दिव्यांगों को अधिकाधिक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिये षिविर आयोजित कराने का विश्वास दिलाया।

## बयाना में झमाझम, कुंड उफान पर

**बयाना** । बयाना कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आज कई दिनों बाद इंद्रदेव मेहरबान हुए तो आसमान में छाए बादल रिमझिम बारिश के साथ बरस पडे । बाद में सड़कों को पर काफी पानी हो गया।

यह रिमझिम बारिश रूक रूक कर करीब 2 घंटे तक हुई जिससे चारों ओर पानी ही पानी हो गया था। वहीं यहां के पहाडों में स्थित प्राकृतिक झरनों व सप्तकुंडों इमलिया कुंड व ग्वालखो एवं दर्रबराहना के झरनों में भी बरसाती पानी उफन पडा था। जिससे इन झरनों का दृष्य लुभावना बन गया था।

बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने और मौसम सुहाना होने से कई दिनों से उमस भरी गर्मी से परेषान लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं किसानों व ष्पुपालकों ने इस बारिष को खेतीबाडी और ष्पुओं के लिए लाभदायक बताया है। बारिष के दौरान बाजार की सडकां व नालीयों में भी बरसाती पानी उफन पडा था। जिससे इस दौरान बाजारों में आवागमन भी बाधित रहा था। वहीं सब्जी मंडी में भी जमा गंदगी व कचरे ने बारिष के पानी से कीचड और फिसलन का रूप ले लिया था।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने की दी जानकारी

वजीरपुर कस्बे में एसडीएम जवाहरलाल जैन ने राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल वजीरपुर, सेवा और बिनेगा का निरीक्षण किया।

**गंगापुर सिटी** । वजीरपुर कस्बे में एसडीएम जवाहरलाल जैन ने राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल वजीरपुर, सेवा और बिनेगा का निरीक्षण किया। एसडीएम ने छात्रों से संवाद कर उन्हें मतदाता सूची में नाम जुडवाने और मतदाता सूची में एपिक कार्ड के साथ आधार कार्ड अपडेशन के बारे में जानकारी दी। एसडीएम जवाहरलाल जैन ने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश के अनुसार कोई भी भारतीय नागरिक 18 साल की आयु पूरी करने पर मतदाता सूची में अपना नाम जुडवा सकता है। इससे पहले केवल 1 जनवरी 2022 से पहले या 1 जनवरी 2022 को 18 साल की आयु पूरी होने पर वह अपना नाम जुडवा सकता था, लेकिन वर्तमान में वह 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर साल में चार बार यदि वह पात्रता अर्जित कर लेता है, तो वह नाम जुडवाने के लिए पात्र होगा। साथ ही वर्तमान में मतदाता एपिक कार्ड से आधार कार्ड अपडेशन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि आधार कार्ड ना होने पर 11 अन्य पहचान पत्र, जो चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित हैं, उनके आधार पर एपिक कार्ड के साथ सीडिंग करा सकते हैं।

## नशा मुक्ति का संदेश दिया

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। शहर के झारेड़ा रोड पर स्थित निजी पैलेस में जय गुरुदेव सत्संग व नामदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हजारों सत्संग प्रेमियों में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा और शहर में चारों तरफ हजारों की भीड़ मेंजय गुरुदेव के जयकारे गूंजने लगे।

इस दौरान संत बाबा जयगुरुदेव महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी बाबा उमाकांत महाराज ने लोगों को सत्संग सुनाया। जिसे श्रद्धा पूर्वक लोगों ने सुना।

इस दौरान बाबा उमाकांत महाराज ने बताया कि समाज में बीमारी, लड़ाई झगड़ा, हिंसा, हत्या, बढ़ती बेरोजगारी, तरह-तरह के वाद-विवाद, हड़ताल, तोड़फोड़, आंदोलन, सुरक्षा व कमाई में बरकत नहीं मिलती है । इन सब तकलीफों को दूर करने के लिए प्रेम और सत्संग की आवश्यकता है। सत्संग से व्यक्ति शारीरिक, बौद्धिक और आर्थिक सभी समस्याओं से छुटकारा पा सकता है।उन्होंने बताया कि जीवात्मा का कल्याण वक्त गुरु से ही होता है। नाम दान देने वाला एक समय रहता है बिना आदेश के कोई किसी को नाम दान दे तो फलीभूत नहीं होता है।

## 'अमृत महोत्सव' की भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौपी

हिण्डौन सिटी (का.सं.)। झारेडा रोड स्थित आशा पैलेस में भाजपा शहर मण्डल की बैठक गई। जिसमें आजादी के 75 वे अमृत महोत्सव को धूमधाम से मनाने के संदर्भ में विस्तृत चर्चा हुई।

भाजपा नेता बबली चतुर्वेदी ने बताया कि बैठक में कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमेन्द्र वशिष्ठ ने 75वे अमृत महोत्सव के बारे में विस्तृत से बताया और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौपी। दिनांक 9 अगस्त को चौपड़ सर्किल हिण्डौन पर शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक भारत माता पूजन, भारत माता के वीर शहीदों को श्रंद्धाजलि, व दीपदान का कार्यक्रम रखे जाएंगे। दिनाँक 13 अगस्त को टीकाकुंड मंदिर से रवाना होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होकर जिला मुख्यालय तक तिरँगा वाहन रैली निकाली जाएगी। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के शहर में लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा। बैठक में और भी कई निर्णय लिए गए। सभी कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेदारियां सौपी गई। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमेन्द्र वशिष्ठ, जिला उपाध्यक्ष ललित शर्मा, तिरंगा यात्रा संयोजक गोपाल लांगरा,सह संयोजक नेमी जाटव व सत्येंद्र आर्य, मण्डल संयोजक राधामोहन पाठक, बलवीर चतुर्वेदी, अजय मित्तल,दिलीप गुप्ता, बबली चतुर्वेदी, विक्रमपाल, गिर्राज मित्तल, ओमप्रकाश ढिंढोरा, गोविंद धाकड़, लज्जारानी, महिला मोर्चा अध्यक्ष विमला शुक्ला, हरभान पार्षद, गजेंद्र राजपूत, अल्लानूर, दीपचंद कोली, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

■ **नौ अगस्त को चौपड़ सर्किल पर भारत माता का पूजन किया जायेगा**

## प्रतिभा सम्मान समारोह 21 को

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। युवा जाट समाज चौबीसा की बैठक रविवार को गांव शेरपुर में विवेक पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुई ।

इस दौरान युवा जाट समाज चौबीसा के अध्यक्ष रामप्रकाश डागुर के नेतृत्व में युवा जाट समाज चौबीसा के द्वारा प्रथम जाट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 21 अगस्त को विवेक पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरपुर में किया जाएगा मीटिंग में समाज के कार्यकर्ताओं ने हर घर तिरंगा फहराने की अपील की और समाज में व्याप्त कुरीतियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस सभा में भूतपूर्व युवा जाट समाज चौबीसा अध्यक्ष एवं वर्तमान जाट समाज 84 अध्यक्ष मोर्ध्वज पहलवान एवं युवा जाट समाज चौबीसा की कार्यकारिणी के एवं संरक्षण समिति सदस्य कलुआ डागुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम हंसावत ।उपाध्यक्ष नाहर सिंह डागुर परसराम जी रारा साहपुर विश्वेंद्र सिंह डागुर प्रवक्ता शैलेंद्र सिंह डागुर उपस्थित हुए।

## घर-घर तरंगा अभियान में जुटे संगठन

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। आजादी के 75 में अमृत महोत्सव के तहत घर-घर तरंगा अभियान के मिशन को लेकर हेमा वेलफेयर फाउंडेशन शहर में युवाओं के साथ हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम को अग्रसर करने का कार्य कर रहा है।

इस दौरान फाउंडेशन की मैनेजिंग डायरेक्टर हेमलता ने बताया कि अभियान की शुरुआत राजस्थान में की जा रही है इसी क्रम में कैला देवी के अनाथ आश्रम में फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा बच्चों को खाद्य सामग्री सहित तिरंगा वितरित किए गए और उन्हें अपने घर,मकान, दुकान पर लगाने की अपील की। इसी के साथ जानकारी देते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल शांडिल्य ने बताया कि अभियान के तहत युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है युवाओं को झंडा वितरित किए गए।जिन्होंने अपनी बाइकों पर लगा कर गली गली और कॉलोनी में लोगों को तिरंगा अभियान के प्रति जागृत करने का कार्य किया, साथ ही राष्ट्र का अभिमान झंडे के प्रति लोगों में भी उत्सुकता देखने को मिली।

■ **कैला देवी के अनाथ आश्रम में फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा बच्चों को खाद्य सामग्री सहित तिरंगा वितरित किए**

इस दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि तिरंगा अभियान के तहत पहली बार आजाद भारत में आजाद भारतवासी होने का गर्व अनुभव कर रहे हैं और घर-घर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया है। इस दौरान रेखा शर्मा राहुल शांडिल्य, अमन मुद्गल, राजू महावर,भूपेंद्र गुर्जर, बंटी मावई, आशीष कौशिक, सतीश शर्मा, चंचल शर्मा, रामरति मुद्गल, कल्पना गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जाट समाज ने मनाया बलिदान दिवस

**गंगापुर सिटी** । युवा जाट समाज 18 गांव वजीरपुर/कुडगांव मंडल कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विजेता लोहागढ/भरतपुर नरेश भारतेंदु महाराजा जवाहर सिंह के 254 वें बलिदान दिवस को शौर्य दिवस के रूप में युवा अध्यक्ष कप्तान सिंह चौधरी मकनपुर की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाया। जबरो जाट जवाहर की छवि के सामने दीप प्रज्वलन ओर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सूरजमल सेना के शिव सिंह, गजेन्द्र सिंह मोहनपुर, अजय सिंह सगर, मंडल प्रभारी पंकज सिंह बरसनिया आदि वक्ताओं ने महाराजा जवाहर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजा सहाब युवा अवस्था से ही अपने पिता सम्राट सूरजमल जी के साथ युद्धों में भाग लेकर भरतपुर रियासत के साम्राज्य को निरंतर बढाते रहें, दिल्ली फतह के बाद लाल किले के 10 टन बजनी अस्ट धातु के किवाड उतार लाए जो आज भी भरतपुर किले की शोभा बढा रहे हैं।

## दो बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**गंगापुर सिटी** । उपखण्ड में एसडीएम जवाहरलाल जैन ने शनिवार को बैठक लेकर निर्वाचन विभाग द्वारा चलाए जा रहे आधार सीडिंग कार्य की समीक्षा की। बैठक के दौरान फोन रिसीव नहीं करने पर 2 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बैठक में एसडीएम ने सभी सुपरवाइजरों से प्रगति रिपोर्ट ली। जिस पर बीएलओ की प्रगति रिपोर्ट काफी कम निकली। इस पर एसडीएम ने तहसीलदार द्वारा ऐसे बीएलओ से मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने और प्रगति रिपोर्ट बढाने के निर्देश दिए। कई बीएलओ की प्रगति रिपोर्ट शून्य मिलने पर ऐसे बीएलओ को परिवर्तित कर उनके स्थान पर नए बीएलओ नियुक्त करने के निर्देश दिए। बैठक में गरुडा एप में तकनीकी समस्या सामने आने की बात को लेकर एसडीएम ने इस समस्या के समाधान के निर्देश दिए। कई सुपरवाइजरों ने बताया कि बीएलओ द्वारा ऑफलाइन डाटा एकत्रित किया गया है। इसे मोबाइल एप पर ऑनलाइन करने में परेशानी आ रही है जिसके बाद इस समस्या के समाधान के लिए निर्वाचन शाखा में संपर्क करने के निर्देश दिए। भाग संख्या 127 और 132 के बीएलओ को फोन पर संपर्क करने और फोन रिसीव नहीं करने, प्रगति रिपोर्ट शून्य होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। बैठक में तहसीलदार गंगापुर, वजीरपुर, तलावडा, विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और सभी बीएलओ, सुपरवाइजर, गिरदावर आदि मौजूद रहे।

■ **फोन रिसीव नहीं करने पर दिया बीएलओ को नोटिस**

# हर घर तिरंगा के लिये रैली निकाली तो कही बैठक की

**करौली,** (नि.स.) आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर जगह-जगह बैठक और तिरंगा रैलीयो का आयेजन किया जा रहा है।

रविवार को जगदंबा मैरिज होम मण्डरायल में दोपहर 2 बजे से भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा की अध्यक्षता में 75 वें अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया बैठक में युवा मंडल अध्यक्ष ने सभी युवा कार्यकर्ताओं से 13 अगस्त को बाईक तिरंगा रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर तिरंगा रैली को सफल बनाने का आह्वान किया तथा 13 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा फहराने की अपील की इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष मनमोहन शर्मा उर्फ लाला चौबे,पंचायत समिति सदस्य मनोज सिंह जादौन, मंडल महामंत्री घनश्याम मीणा,मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह द्वारा संयुक्त रुप से भारत माता के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरूआत की । इसके अलावा आजादी के 75 बे अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके प्रति विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराए जाने को लेकर मासलपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से भव्य तिरंगा रैली निकाली गई जिसे मासलपुर ग्राम पंचायत सरपंच शिवानी लवानिया एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय सिंह जाटव में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली में देशभक्ति का उत्साह नजर आया रैली में दिए गए वंदे मातरम एवं भारत माता के नारों से कस्बा गुंजायमान हो गया रैली विद्यालय से शुरू हुई जो कस्बे के विभिन्न मार्गों सहित बड़ा बाजार होकर निकलते हुए मुरली मनोहर मंदिर पहुंची जहां 13 अगस्त को करौली तिरंगा यात्रा में पहुंचने के लिए आह्वान किया गया रैली को सफल बनाने में श्यामसुंदर खेडिया,दीनदयाल शर्मा, जयप्रकाश पांचाल,संजय, पंचायत समिति सदस्य मदन मोहन रावत,ह्रदय मोहन शर्मा आदि कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा प्योर इंडिया ट्रस्ट मनोहरपुरा के द्वारा हर घर तर तिरंगा निःशुल्क वितरण किया गया ट्स्ट के प्रोजेक्ट मैनेजर खुश बिहारी व्यास ने बताया की संस्थापक प्रंशातपाल के निर्देश पर हर घर तिरंगा पहुंचे व लहराये उनका यही उद्देश्य है। उन्होने बताया कल हर घर पर तिरंगा लगाया जा रहा है व निःशुल्क वितरण किया जा रहा है वही रविवार को मनोहरपुरा व काछीपुरा मे 200 तिरंगा झण्डे वितरण किऐ गऐ। वही युवा मोर्चा करौली द्वारा रविवार को तिरंगा यात्रा का आगाज हुआ जिसमें भाजपा के जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला के द्वारा भाजयुमो जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा के नेतृत्व में तिरंगा लहरा कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। जिसमें युवा मोर्चा के कार्यकर्ता और करौली मंडल के युवाओं नें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तिरंगा यात्रा का 132 केवी जीएसएस से शुरू होकर स्टेडियम में जाकर समापन किया गया इस अवसर पर भाजयुमो जिला मंत्री वैभव पाल ने बताया कि युवाओं में देशभक्ति का भाव जागृत हो । करौली पूर्व विधायक सुरेश मीणा ने आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के बारे में ग्रामीणों का जागरूक किया।

## त्योहारों पर चर्चा की

**भरतपुर** (निस)। रविवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव, जिला कलेक्टर आलोक रंजन तथा जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति एवं जिला स्तरीय सीएलजी के सदस्यों की मीटिंग आयोजित कर विचार विमर्श किया गया।

मीटिंग के दौरान शांति समिति एवं सीएलजी सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये। प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों ने अगस्त महीने में मनाये जाने वाले मोहर्रम, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेश चर्तुथी सहित अन्य त्यौहारों तथा अगले माह आने वाले त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा एक दूसरे की भावनाओं का आदर करते हुये भाई-चारे के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में सभी सदस्यों को बताया गया कि किसी भी तरह की कोई गलत अफवाह पर ध्यान नही दिया जाये। यदि किसी प्रकार की कोई किसी भी माध्यम से कोई गलत अफवाह सामने आती है तो तुरन्त बिना किसी देरी के प्रशासन एवं पुलिस के उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया जाये।

# कलेक्टर ने गौशाला संचालकों को जरुरी निर्देश दिए

करौली जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने मासलपुर के निकट ठेकरा गौशाला का निरीक्षण किया।

**मासलपुर** (नि.स.)। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह एवम पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. खुशीराम मीना ने गौ सदन ठेकरा गौशाला मासलपुर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज के संबंध में रोकथाम व बचाव हेतु पूर्व में ही पशुपालन विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की जा चुकी है।

समस्त गौशाला संचालक जारी की गई एडवाइजरी का पूर्ण रुप से पालन करें जिससे कि गोवंश को इस बीमारी से बचाया जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की सफाई व्यवस्था,गोवंश के स्वास्थ्य स्थिति एवं चारा पानी की व्यवस्था को देखा एवं संबंधित गौशाला प्रबंधकों को साफ सफाई को नियमित बनाए रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि गोवंश में किसी प्रकार की बीमारी संबंधित लक्षण दिखे तो गोवंश को सभी गायों से अलग रखें।

## करंट से बुजुर्ग झुलसा

**बयाना** । बयाना उपखंड के गांव काचैरा में बीती रात्रि को अपने घर की छत पर ईंधन लेने के लिए चढा बुजुर्ग करंट की चपेट में आकर झुलसने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसे परिजन बेहोषी की अवस्था में उपचार के लिए बयाना के राजकीय रैफरल अस्पताल लाए जहां गहन उपचार के बाद बुजर्ग की हालत में सुधार बताया है। अस्पताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बुजुर्ग गांव काचैरा निवासी 60 वर्शीय बिरजू मीणा है। बुजुर्ग के छोटे भाई ने बताया कि उनके घर के उपर जा रही 11 केवी विधुत लाइन को हटाने के लिए कई बार विधुत निगम के अधिकारीयों से शिकायत की गई।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाडी संख्या RJ-SX5956 जिसका रजिस्ट्रेशन श्रीमन गुर्जर निवासी खेडलाजनेदपुर तहसील वजीरपुर सवाईमाधोपुर के नाम था जिनकी मृत्यु होने के कारण अब इस गाडी की वारिश उनकी पत्नी लीला बाई है। भविष्य में मोटरसाईकिल पर पूर्ण हक और अन्य समस्त जिम्मेदारी लीला बाई की रहेगी। किसी को आपत्ति हो तो 7 दिवस में जिला परिवहन कार्यालय सवाईमाधोपुर में दर्ज कराए।